SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs

26/12/2019

Q1. हाल ही में किसने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) को मंजूरी दे दी है?

क. सुप्रीमकोर्ट

ख. हाईकोर्ट

ग. निति आयोग

घ. केंद्रीय कैबिनेट

केंद्रीय कैबिनेट ने हाल ही में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) को मंजूरी दे दी है. इस मंजूरी के बाद चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के पद पर 4 स्टार जनरल रैंक के सैन्य अधिकारी को नियुक्त किया जाएगा.

SarkariExam.Com

Q2. निम्न में से किसने अंतरिक्ष बल के गठन को वास्तविकता में बदलने के लिए साल 2020 राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण कानून पर हस्ताक्षर किये है?

क. नरेन्द्र मोदी

ख. वल्दिमर पुत्तिन

ग. डोनाल्ड ट्रंप

घ. रामनाथ कोविंद

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में अंतरिक्ष बल के गठन को वास्तविकता में बदलने (गठन) के लिए साल 2020 राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण कानून पर हस्ताक्षर किये है. जो की पेंटागन बल के लिए शुरुआती बजट तय करेगा.

Q3. महिंद्रा एंड महिंद्रा ने किसे ऑटो डिवीजन का सीईओ नियुक्त करने की घोषणा की है?

क. वीजे नकरा

ख. हेमंत सिक्का

ग. संजीव बत्रा

घ. संजय नांगल

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने हाल ही में वीजे नकरा को सीईओ नियुक्त करने की घोषणा की है जो की अभी सेल्स एंड मार्केटिंग हेड हैं और पावर एंड स्पेयर्स बिजनेस के प्रेसिडेंट हेमंत सिक्का को हेड नियुक्त करने की घोषणा की है.

SarkariExam.Com

Q4. वायु प्रदूषण से निपटने के लिए किस कैबिनेट ने “इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2019” को मंजूरी दे दी है?

क. मुंबई कैबिनेट

ख. गुजरात कैबिनेट

ग. दिल्ली कैबिनेट

घ. पंजाब कैबिनेट

वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली कैबिनेट ने हाल ही में “इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2019” को मंजूरी दे दी है. भारत की राजधानी दिल्ली के प्रदूषण में सबसे ज्यादा हिस्सा वाहनों का होता है. दिल्ली सरकार अब सार्वजनिक और निजी क्षेत्र को ई-वाहन के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करेगी.

Q5. पुरे भारत में 24 घंटे बिजली मुहैया कराने के लिए केंद्र सरकार ने 2020 से किस योजना की शुरुआत करने की घोषणा की है?

क. ध्रुव योजना

ख. निष्ठां योजना

ग. उदय-2 योजना

घ. श्रेयस योजना

पुरे भारत में 24 घंटे बिजली मुहैया कराने के लिए केंद्र सरकार ने 2020 से उदय-2 योजना की शुरुआत करने की घोषणा की है. इस योजना के मुताबिक, सरकार लकड़ी और कोयले के बजाए गैस आधारित प्लांट से ज्यादा बिजली उत्पादन करेगी.

SarkariExam.Com

Q6. इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली सीरीज के बाद किस टीम के गेंदबाजी ऑलराउंडर वर्नन फिलेंडर ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा की है?

क. ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम

ख. पाकिस्तान क्रिकेट टीम

ग. दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम

घ. बांग्लादेश क्रिकेट टीम

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के गेंदबाजी ऑलराउंडर वर्नन फिलेंडर ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली सीरीज के बाद क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा की है. वे 26 दिसंबर 2019 से इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली 4 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेंगे.

Q7. फीफा ने बेल्जियम फुटबॉल टीम को हाल ही में लगातार कौन सी बार वर्ष की सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल टीम के पुरस्कार से सम्मानित किया है?

क. दूसरी बार

ख. तीसरी बार

ग. चौथी बार

घ. सातवी बार

हाल ही में फीफा ने बेल्जियम फुटबॉल टीम को लगातार दूसरी बार वर्ष की सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल टीम के पुरस्कार से सम्मानित किया है. बेल्जियम फुटबॉल टीम इस समय फीफा विश्व रैंकिंग में पहले स्थान पर है जबकि फ्रांस दूसरे और ब्राजील तीसरे स्थान पर हैं.

SarkariExam.Com

Q8. इंडिया क्रिकेट टीम ने 2019 में सबसे ज्यादा कितने मैच जीतकर लगातार चौथे साल जीत के मामले में पहले स्थान पर रही है?

क. 20 मैच

ख. 30 मैच

ग. 35 मैच

घ. 42 मैच

इंडिया क्रिकेट टीम ने 2019 में सबसे ज्यादा 35 मैच जीतकर लगातार चौथे साल जीत के मामले में पहले स्थान पर रही है. इस वर्ष टीम इंडिया ने 7 टेस्ट, 19 वनडे और 9 टी-20 सहित 35 मैच जीते है जबकि दुसरे स्थान पर रही ऑस्ट्रेलिया टीम कुल 30 मैच जीते है.

Q9. इंडियन महिला वेटलिफ्टर राखी हलदर ने कितने किग्रा वर्ग में कतर इंटरनेशनल कप में ब्रोंज मेडल जीतते हुए 2 नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाये है?

क. 45 किग्रा

ख. 58 किग्रा

ग. 64 किग्रा

घ. 72 किग्रा

इंडियन महिला वेटलिफ्टर राखी हलदर ने 64 किग्रा वर्ग में कतर इंटरनेशनल कप में ब्रोंज मेडल जीतते हुए 2 नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाये है. वेटलिफ्टर राखी हलदर ने एक कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडल जीता है. राखी हलदर ने स्नैच और कुल भार में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है.

SarkariExam.Com

Q10. नेपाल पुलिस ने किस देश के 122 नागरिकों को साइबर क्राइम और बैंक फ्रॉड के संदेह में हिरासत में लिया है?

क. जापान

ख. चीन

ग. भारत

घ. बांग्लादेश

नेपाल पुलिस ने हाल ही में 122 चीन के नागरिकों को साइबर क्राइम और बैंक फ्रॉड के संदेह में हिरासत में लिया है. ये नागरिक पर्यटक वीजा पर आए नेपाल आये थे. इन 122 चीन के नागरिकों पर अपराध को अंजाम देने के साथ बैंक की कैश मशीनों को हैक करने का भी संदेह है.

Q11. जीएसटी में कटौती का उचित फायदा ग्राहकों को नहीं देने पर किसने जॉनसन एंड जॉनसन पर 230.41 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है?

क. सुप्रीमकोर्ट

ख. हाईकोर्ट

ग. नेशनल एंटी प्रॉफिटियरिंग अथॉरिटी

घ. निति आयोग

जीएसटी में कटौती का उचित फायदा ग्राहकों को नहीं देने पर हाल ही में नेशनल एंटी प्रॉफिटियरिंग अथॉरिटी ने जॉनसन एंड जॉनसन पर 230.41 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है. एनएए के मुताबिक, जॉनसन एंड जॉनसन ने टैक्स कटौती के बाद प्रोडक्ट की कीमतें तय करने का आकलन सहीं नहीं किया है.

SarkariExam.Com

Q12. वर्ष 2019 की सबसे कमजोर पासवर्ड की लिस्ट में कौन सा पासवर्ड पहले स्थान पर रहा है?

क. 123456

ख. Qwerty

ग. I love you

घ. Qwerty123

वर्ष 2019 की सबसे कमजोर पासवर्ड की लिस्ट में 123456 पासवर्ड पहले स्थान पर रहा है. यह पासवर्ड 2018 के सबसे खराब पासवर्ड की लिस्ट में भी पहले स्थान पर था. 123456789, qwerty, Password, 1234567 और बहुत से पासवर्ड साल के सबसे कमजोर है.

Q13. पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हाल ही में देश की पहली लंबी दूरी की _____ बस सर्विस शुरु की है?

क. एलपीजी

ख. सीएनजी

ग. कार्बोहाइड्रेट

घ. हीलियम

पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हाल ही में देश की पहली लंबी दूरी की सीएनजी बस सर्विस शुरु की है. जो की दिल्ली से देहरादून के बीच चलेगी. इस बस सर्विस के लिए उत्तराखंड ने आईजीएल के साथ करार किया है. यह बस एक बार रीफिल करने पर 1000 किमी से ज्यादा दूरी तय करेगी.

SarkariExam.Com

Q14. ऑटो एक्सपो मोटर शो 2020 का आयोजन किस शहर के इंडिया एक्सपो मार्ट में फरवरी 2020 में किया जायेगा?

क. पुणे

ख. दिल्ली

ग. मुंबई

घ. ग्रेटर नोएडा

ऑटो एक्सपो मोटर शो 2020 का आयोजन 7-12 फरवरी 2020 से ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में किया जायेगा. यह मोटर शो कुछ प्रमुख ब्रांडों के लिए एक लॉन्च पैड रहा है. इस बार के ऑटो एक्सपो की थीम –"एक्सप्लोर द वर्ल्ड ऑफ मोबिलिटी" है.

Q15. देशभर के गांवों में पीने के पानी और सिचाई की समस्याओं के समाधान के लिए अटल भूजल और किस योजना की शुरुआत की गयी है?

क. अटल ग्राम योजना

ख. अटल महिला योजना

ग. अटल पानी योजना

घ. अटल टनल योजना

देशभर के गांवों में पीने के पानी और सिचाई की समस्याओं के समाधान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर अटल भूजल और अटल टनल योजना की शुरुआत की है. इन योजनाओं के लिए सरकार ने 6000 करोड़ रुपए का फंड बनाया है.

SarkariExam.Com

Q16. 10,000 रुपए से अधिक की खरीदारी के लिए किस बैंक ने नया प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट लांच किया है?

क. आईसीआईसीआई बैंक

ख. बैंक ऑफ़ इंडिया

ग. भारतीय रिजर्व बैंक

घ. यस बैंक

भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में 10,000 रुपए से अधिक की खरीदारी और अन्य सेवाओं के भुगतान के लिए एक नया प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट (पीपीआई) लांच किया है. इससे आप बैंक अकाउंट से ही पैसे डालने के साथ साथ बिल भुगतान, मर्चेंट भुगतान, आदि कर सकेंगे.

Q17. निम्न में से किस क्रिकेट टीम के पूर्व वनडे कप्तान चमारा कपूगेदरा ने हाल ही में सभी क्रिकेट फॉर्मेट से संन्यास लेने की घोषणा की है?

क. पाकिस्तान क्रिकेट टीम

ख. बांग्लादेश क्रिकेट टीम

ग. ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम

घ. श्रीलंका क्रिकेट टीम

श्रीलंका क्रिकेट टीम के पूर्व वनडे कप्तान चमारा कपूगेदरा ने हाल ही में सभी क्रिकेट फॉर्मेट से संन्यास लेने की घोषणा की है. वे वर्ष 2017 में आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले चमारा कपूगेदरा हाल ही में कोचिंग फील्ड में आ गए हैं.

SarkariExam.Com

Q18. वर्ष 2019 में किस खिलाडी ने भारत को वर्ल्ड चैम्पियनशिप में पहला गोल्ड मेडल दिलाया है?

क. बी साई प्रणीत

ख. साइना नेहवाल

ग. पीवी सिंधु

घ. सात्विक साइराज रांकिरेड्डी

वर्ष 2019 में स्टार बैडमिंटन खिलाडी पीवी सिंधु ने भारत को वर्ल्ड चैम्पियनशिप में पहला गोल्ड मेडल दिलाया है. वही सिंधु के अलावा बी साई प्रणीत ने प्रकाश पादुकोण के मेडल जीतने के 36 साल बाद पुरूष एकल वर्ग में ब्रोंज मेडल जीता गया है.

Q19. आस्ट्रेलिया क्रिकेट ने किसे अपने इस दशक की वनडे टीम का कप्तान बनाया है?

क. विराट कोहली

ख. रोहित शर्मा

ग. महेंद्र सिंह धोनी

घ. डेविड वार्नर

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने हाल ही में एक दशक की अपनी एकदिवसीय और टेस्ट टीम की घोषणा की है जिसमे भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी को अपने इस दशक की वनडे टीम का कप्तान बनाया है. जबकि टेस्ट और वनडे दोनों टीम में विराट कोहली चुने गए है.

SarkariExam.Com

Q20. 26 दिसम्बर को इनमे से किस देश में “फादर्स डे” मनाया जाता है?

क. जापान

ख. चीन

ग. ऑस्ट्रेलिया

घ. बुल्गारिया

26 दिसम्बर को बुल्गारिया देश में “फादर्स डे” मनाया जाता है. इस देश की राजधानी सोफ़िया है.

SarkariExam.Com